# मातृ दिवस पर देखी सिंधी फिल्म शल याद रखऊ

▶ वर्तमान परिवेश में दिया संयुक्त परिवार के महत्व का संदेश, सुशीला परयानी सहित मातृ शक्तियों का किया सम्मान



**उज्जैन। मातृ दिवस ( 10 मई ) के पावन अवसर पर शहर के पीवीआर में सामाजिक सिंधी फिल्म शल याद रखऊ के तीन नि:शुल्क शो का भव्य आयोजन किया गया। आज के दौर में जहां एकाकी परिवारों का चलन बढ़ रहा है, वहीं इस फिल्म ने संयुक्त परिवार की महत्ता और पूरे परिवार को एकजुट रखने का एक बेहद प्रासंगिक व प्रेरणादायक संदेश दिया। सिंधी समाज के लोगों ने भारी संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर इस संदेशपरक फिल्म का भरपूर आनंद लिया।**

शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी महेश परयानी की माताजी सुशीला परयानी का पुष्पा कोटवानी, रिंकू बेलानी, स्वाति गजरानी, सुनीता कोटवानी, रेशमा गंगवानी, नीलम खत्री, वंदना, भारती सनमुखानी, वीना परसवानी, नेहा मोटवानी, माया मुलानी और वर्षा आडवाणी द्वारा शॉल व पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अन्य सभी मातृ शक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

इस ऐतिहासिक आयोजन के संयोजक महेश परयानी थे। वहीं आयोजक मंडल में दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, लोकेश आडवाणी, राजकुमार परसवानी, महेश गंगवानी, तुलसी राजवानी शामिल रहे। कार्यक्रम में पीवीआर मैनेजर नीलेश कश्यप भी मौजूद रहे।

आयोजन में फिल्म के निर्माता-निर्देशक प्रेम सावलानी विशेष रूप से उपस्थित थे। उनकी टीम द्वारा आयोजन के संयोजक महेश परयानी और आयोजक दीपक बेलानी का शॉल व दुपट्टे से सम्मान किया गया तथा सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया। दर्शकों ने संयुक्त परिवार के फायदों को दर्शाने वाली इस फिल्म की कहानी और आयोजन समिति के इस सफल प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# कॉलेज में मनाया प्रौद्योगिकी दिवस...



**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में प्रौद्योगिकी दिवस प्राचार्य पुलकिता आनंद की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष व्याख्यान देते हुए आईटीआई प्रभारी पूजा लोधी ने प्रौद्योगिकी के महत्व को समझाते हुए प्रौद्योगिकी किस प्रकार मानव विकास एवं देश के विकास के लिए सहयोगी है, के बारे में जानकारी विद्यार्थियों से साझा की।

प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस प्रतिवर्ष 11 मई को भारतीय वैज्ञानिकों इंजीनियरों की उपलब्धियो का सम्मान करने तथा नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसी दिन हमारे देश ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। तभी से यह दिवस राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ दयाराम मुझाल्दा ने किया व आभार डॉ रेखा सोलंकी ने माना। कार्यक्रम में सुनील गुजराती, डॉ श्वेता भल्ला, डॉ ज्योति दातीर सहित समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जवासिया शनि मंदिर में 56 भोग

**उज्जैन।** चिंतामन रोड स्थित ग्राम जवासिया के अहिल्या चौराहे पर स्थित प्राचीन शनि मंदिर में शनि जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं ग्रामीणजनों द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। समिति के अनुसार 16 मई, शनिवार को ज्येष्ठ अमावस्या एवं शनि जयंती का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस विशेष अवसर पर प्रात: 7 बजे शनिदेव को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात जनकल्याण हेतु अभिषेक, अनुष्ठान एवं महायज्ञ-हवन संपन्न होगा। आरती के बाद श्रद्धालुओं को देशी घी की नुक्ती का प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति के समाजसेवी सजन चौधरी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या को हुआ था, इसलिए इस दिन का विशेष महत्व माना जाता है। आयोजन की विशेषता सामूहिक 56 भोग परंपरा है। ग्रामीणजन अपने-अपने घरों से पूड़ी, हलवा, खिचड़ी, खीर सहित विभिन्न व्यंजन बनाकर लाएंगे और सामूहिक रूप से शनिदेव को छप्पन भोग अर्पित करेंगे। मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा यह परंपरा पिछले कही वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है। इस वर्ष आयोजन का सातवां वर्ष रहेगा। रात में जागरण व भजन संध्या का आयोजन भी होगा। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से 16 मई, शनिवार प्रात: 7 बजे सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### संयुक्त मोर्चा कर्मचारी संगठन ने नव नियुक्त अध्यक्ष का किया सम्मान

**उज्जैन।** देवास गेट स्थित सावन-भादौ मंदिर परिसर में उज्जैन संयुक्त मोर्चा द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद शर्मा एवं पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष मोकम सिंह पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए रमेशचंद शर्मा को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर मनोहर गिरी, मोतीलाल निर्मल, विष्णु नारायण सक्सेना, कमलेश मीणा, पेंशनर एसोसिशन, ऑडिटर असोसिएशन, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अपराधी किस्म के लोगों का समर्थन कर कांग्रेस अपराधीकरण को बढ़ावा दे रही है : अग्रवाल

**उज्जैन।** अपराधी किस्म के लोगों का समर्थन कर कांग्रेस अपराधीकरण को बढ़ावा दे रही है इतना ही नहीं उनके लिए आंदोलन की नौटंकी भी कर रही है जो उचित नहीं है। यह आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक जाट लगातार मंडी में शांति भंग कर रहे थे और अधिकारियों को धमका रहे थे। साथ ही अपराधिक गतिविधियों में भी थे उन पर कइ प्रकरण भी दर्ज हैं। इसी के चलते कलेक्टर ने नियमानुसार एवं विधि अनुसार उन पर जिला बदर की कार्रवाई की गई जो उचित है। लेकिन कांग्रेस इस कार्रवाई से बौखला गई है और अपराधियों के लिए पैदल मार्च कर रही है। कांग्रेस को अपराधीकरण को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। पुलिस एवं प्रशासन के पास कांग्रेस नेता के खिलाफ पर्याप्त सबूत है उसी आधार पर कार्रवाई की गई है प्रशासन किसी के दबाव में नहीं आएगा और राजनीतिक दल को आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को समर्थन नहीं देना चाहिए इससे अच्छा संदेश नहीं जाता है।

### अनेक पौराणिक गाथाओं से जुड़े हुए हैं नर्मदा के तट

**इंदौर.** सनातन धर्म में प्रदर्शन नहीं, दर्शन को प्राथमिकता मिली हुई है. माँ नर्मदा के तट का प्रत्येक हिस्सा ऋषि, मुनियों और देवताओं की तपश्चर्या से इतना घिरा हुआ है कि यदि राई का एक दाना वहां फेंका जाए तो वह किसी तपस्वी के कमंडल में ही गिरेगा. नर्मदा के तट पर कुबेर से लेकर इंद्र और बुध से लेकर राहु-केतू भी तपस्या करते हैं. राजा बलि और वामन अवतार का प्रसंग जबलपुर के भेडाघाट का है। नर्मदा के उत्तर और दक्षिण तट अनेक पौराणिक गाथाओं से जुड़े हुए हैं जहाँ आज भी माँ भगवती की जीवंत लीलाएँ होती हैं। ये विचार हैं नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री के, जो उन्होंने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में रविवार को नर्मदा तट के तीर्थों का वर्णन करते हुए व्यक्त किए. कथा में रविवार को तपोनिष्ठ संत और पिछले 2033 दिनों से केवल माँ नर्मदा के जल पर आश्रित रहने वाले दादागुरु भगवान का आगमन हुआ. अ.भा. दादागुरु परिवार की ओर से समाजसेवी राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, विधायक गोलू शुक्ला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, देवांग शर्मा, गोपाल अग्रवाल, शिव जिंदल, राजेश गर्ग, अमित जिंदल, राजेश्वरी शर्मा, इधिका बंसल, प्रेरणा बंसल, ज्योति बंसल, ज्योति अग्रवाल आदि ने उनकी अगवानी की. दादागुरु सोमवार 11 मई को भी कथा में विराजित रहेंगे और ज्ञान यज्ञ के पहले दिन निकली वृक्ष कलश यात्रा में शामिल मातृशक्ति को अपने सानिध्य में पौधे भेंटकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देंगे. इसके पूर्व कथा शुभारंभ प्रसंग पर राजू बंसल, कैलाश बंसल, राजेश शर्मा, नवीन मेहता (बीसीएम), गोपाल अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, हर्ष जैन, विनोद गोयल, उमेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया।

### अधिक मास की चतुर्थी के उजमन महोत्सव की तैयारियां शुरू

**इंदौर.** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ की मेजबानी में पुरुषोत्तम मास की चतुर्थी के उजमन का आयोजन 3 जून को किया जाएगा. इसकी तैयारियों के लिए रविवार को महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं महामंत्री विष्णु गोयल के मार्गदर्शन में महिला समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि 31 महिलाओं के चतुर्थी व्रत का उजमन महोत्सव हवा बंगला कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम के पास तिरुमनी ग्रीन्स गार्डन पर आयोजित होगा. बैठक में अनिता ऐरन, मुक्ति अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, सोनिया गर्ग, शालिनी मोदी, रीना अग्रवाल, प्रीति गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महासंघ से जुडी महिलाओं ने शामिल होकर अपने सुझाव दिए. यह निर्णय भी लिया गया कि उजमन महोत्सव में शामिल प्रत्येक महिला को अपने मेहमानों के लिए भोजन के 16 पास और 14 उपहार दिए जाएँगे. महोत्सव में बेस्ट ड्रेसअप, गेम्स एवं तम्बोला की व्यवस्था भी रखी गई है. उत्सव में भाग लेने वाली महिलाओं से आग्रह किया गया है कि वे विस्तृत जानकारी के लिए अनिता ऐरन, मुक्ति अग्रवाल एवं रेखा अग्रवाल से सम्पर्क कर सकती हैं.

# मेरी तरक्की में समाज के हर व्यक्ति का योगदान समाहित : जैन

▶ खाराकुआं पेढ़ी मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में बोले हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष



**उज्जैन।** मुझे मेरे संगठन ने जो इस मुकाम तक पहुंचाया है, उसमें समाज के हर व्यक्ति का योगदान व सहयोग समाहित है। आप लोगों का साथ और विश्वास नहीं होता तो शायद मैं इस पद तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए पूरे जैन समाज के प्रति मैं कृतज्ञ एवं आभारी हूं। रही बात पद की तो वह समय के साथ आते-जाते रहते हैं, लेकिन आप सभी का सहयोग मुझे हमेशा मिलता रहे, यही कामना करता हूं।

यह उद्गार मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन ने अपने सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। रविवार को खाराकुआं पेढ़ी मंदिर उपाश्रय में श्री ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट एवं जैन श्वेतांबर छोटे साथ ओसवाल समाज द्वारा हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष जैन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें शहर के विभिन्न ट्रस्ट, मंडल एवं श्री संघ द्वारा जैन का क्रमवार सम्मान किया गया। शुरुआत भगवान ऋषभदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। स्वागत भाषण गौतमचंद धींग ने दिया एवं संचालन संजय जैन खालीवाला ने किया। पेढ़ी ट्रस्ट द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर श्री जैन का विशिष्ट अभिनंदन किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन डॉ. सुभाष जैन आगमोद्धारक ने किया।

इस दौरान पेढ़ी ट्रस्ट के संरक्षक जयंतीलाल जैन तेलवाला, पारस हरणीया, निलेश सिरोलिया, सुदीप धींग, सौरभ जैन सस्ता, अशोक हरणीया, संजय संघवी, धर्मेंद्र तरवेचा, सौरभ जैन ट्रांसपोर्ट, अभय जैन मामा, मनीष कोठारी, राकेश कोठारी, अभय सिरोलिया, राजेश जैन, अभय जैन भैया, सुशील जैन, रमेश बोहरा, राहुल सर्राफ, विजय जैन बंटी, विनय डड्डा, अमित भंसाली सहित बड़ी संख्या में जैन समाजजन उपस्थित रहे।

# आईआईटी मद्रास में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**उज्जैन। आईआईटी मद्रास की उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिक से अधिक और विभिन्न पृष्ठभूमि के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सुलभ बनाने का यह प्रोग्राम कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी कर चुके सभी उम्मीदवारों के लिए है और इसमें आयु की कोई सीमा नहीं है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ( आईआईटी मद्रास ) के बीएस डिग्री प्रोग्राम ने शैक्षणिक सत्र-2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 है।**

आईआईटी की उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिक से अधिक और विभिन्न पृष्ठभूमि के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सुलभ बनाने का यह प्रोग्राम कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी कर चुके सभी उम्मीदवारों के लिए है और इसमें आयु की कोई सीमा नहीं है।

आवेदन करने के इच्छुक 31 मई तक https://study.iitm.ac.in के माध्यम से आवेदन कर दें। इन प्रोग्रामों के करिकूलम उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों के परामर्श से तैयार किए गए हैं। इनमें व्यावहारिक शिक्षा, वास्तविक जन-जीवन के उपयोगों और नवोदित प्रौद्योगिकियों पर जोर दिया गया है।

विद्यार्थियों को अच्छे करियर के उभरते अवसरों के लिए तैयार करने के लिए डेटा विश्लेषण, व्यावसायिक निर्णय, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों जैसे जरूरी शिक्षा क्षेत्रों का अनुभव मिलता है।

रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति ने अभिरंग नाट्य गृह में किया आयोजन

# मां मुझे टैगोर बना दे...का प्रभावी मंचन



**उज्जैन। शहर के अभिरंग नाट्य गृह में रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति उज्जैन द्वारा जम्मू के लकी गुप्ता अभिनीत एकल नाटक मां मुझे टैगोर बना दे का प्रभावी मंचन किया गया। नाटक का विषय बेहद संवेदनशील था और लकी गुप्ता के जादुई अभिनय को देखकर उपस्थित दर्शक भावुक हो उठे।**

कार्यक्रम में सागर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ नाट्यविद राधावल्लभ त्रिपाठी ने अपना विशेष वक्तव्य दिया। आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में वरुण गुप्ता, वरिष्ठ रंगकर्मी अनंत वर्मा और विजयेंद्र वर्मा उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत प्रकाश देशमुख, विशाल सिंह कुशवाह, भूषण जैन, अजय रायकवार और कौशिक पाराशर ने किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शेफाली चतुर्वेदी ने किया तथा आभार विशाल कलम्बकर ने माना। इस अवसर पर पर्यावरणविद अभिताभ सुधांशु, रंगकर्मी राजेंद्र चावड़ा, राजेश जूनवाल, मनीषा व्यास, दुर्गेश बाली, मीना जैन और प्रतिभा रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन के संबंध में यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष महेश त्रिवेदी ने दी।




# आईसीएआई का दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण एनपीओ ऑडिट और नवीन नीतियों पर मंथन

▶ विशेषज्ञों ने कोऑपरेशन व एनपीओ के तकनीकी विषयों पर दी विस्तृत जानकारी, उज्जैन सहित कई शहरों के सीए हुए शामिल

**उज्जैन।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उज्जैन ब्रांच द्वारा हाटपिपलिया स्थित अनवाइंड रिसॉर्ट में दो दिवसीय रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया। कोऑपरेशन और एनपीओ कमेटी के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

रिफ्रेशर कोर्स के दौरान विशेषज्ञों द्वारा कोऑपरेटिव संस्थाओं, एनपीओ ऑडिट, अनुपालन, अकाउंटिंग और नवीन नीतियों से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस आयोजन में उज्जैन सहित विभिन्न शहरों से आए सीए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ब्रांच चेयरमैन सीए आशीष तोतला ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनसे सदस्यों को नवीन विषयों और बदलते व्यावसायिक परिवेश की अद्यतन जानकारी प्राप्त होती है। इस तरह के आयोजन सीए सदस्यों के बीच समन्वय और व्यावसायिक नेटवर्किंग को भी मजबूत बनाते हैं। यह महत्वपूर्ण आयोजन आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए पंकज शाह और कोऑपरेशन एवं एनपीओ कमेटी के चेयरमैन के विशेष मार्गदर्शन व सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों द्वारा वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार माना गया।

**एक नजर** ▶ 100 छात्रों को बांटी गई शिक्षण सामग्री

# एक दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा




**उज्जैन। नागर ब्राह्मण समाज द्वारा श्री हाटकेश्वर धाम देवालय न्यास एवं मित्र मंडल के तत्वावधान में रविवार 10 मई को एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि श्री नरसी मेहता की स्मृति में आयोजित इस सेवा प्रकल्प में नागर ब्राह्मण परिषद, महिला परिषद एवं युवा परिषद् ने सहभागिता की। शिविर में नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के करीब 100 बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

हाटकेश्वर धाम हरसिद्धि के सचिव संतोष जोशी ने बताया कि संत पं. कमलकिशोर नागर की प्रेरणा से यह आयोजन किया गया। शुरुआत अतिथियों द्वारा ईष्टदेव भगवान श्री हाटकेश्वर महादेव एवं संत शिरोमणि नरसी मेहता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन से हुई। स्वागत भाषण संजय नागर ने दिया और प्रकल्प की विस्तृत जानकारी संतोष जोशी ने रखी। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक शिक्षा संजय त्रिवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें, सफलता निश्चित मिलेगी। अतिथि के रूप में न्यास अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता सुमन, पं. विजयप्रकाश मेहता, विजय शर्मा, नेहा प्रतिमा मेहता, विशाल नागर और अतुल मेहता मंचासीन थे।

**बच्चों ने किया मलखंभ और तलवारबाजी का प्रदर्शन:** सीमा आलोक नागर, राधा नागर, जाग्रति रावल, वंदना जोशी, आस्था जोशी, प्रियांशी जोशी, संजय जोशी, संजय नागर एवं विशाल मंडलोई के निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों ने ड्राइंग, चम्मच रेस, बोरा रेस, चेयर रेस और सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया। मदर्स-डे के अवसर पर बच्चों ने माताओं के लिए अपने विचार व्यक्त किए। बालिका श्रेया शर्मा ने तलवारबाजी और लक्षिता दवे ने मलखंभ का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने नृत्य, श्लोक पाठ और कविताएं भी प्रस्तुत कीं।

**शिक्षण सामग्री का हुआ वितरण:** शिविर में सभी 100 बच्चों को कापियां, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर, कंपास बॉक्स, ड्रॉइंग कॉपी, कलर, हाई लाइटर और फाइल आदि वितरित किए गए। उपाध्यक्ष विजय प्रकाश मेहता की ओर से सभी बच्चों को विशेष उच्च क्वालिटी का बालपेन भी दिया गया।

### इन्होंने किया अतिथियों का स्वागत

आयोजन में रामचंद्र नागर, न्यासी जगदीश नागर, विकास रावल, किरणकांत मेहता, महेंद्र शर्मा, संजय नागर, लव मेहता, नरेंद्र नागर, दीप्तेश रावल, मुकेश शर्मा, राजीव लोचन नागर, प्रमोद नागर के साथ महिला मंडल की सीमा नागर, मधु शर्मा, मनीषा शर्मा, रीना नागर, सलोनी नागर और प्रेरणा मेहता आदि ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और पुरस्कार वितरण में सहयोग दिया। संचालन सीमा आलोक नागर ने किया। मंचीय कार्यक्रम का संचालन समन्वय प्रमुख लव मेहता ने किया और आभार संजय जोशी ने माना।